राजरत्न परिवार की त्रैमासिक पत्रिका

# सहयोग

C:\Users\Kunal\Desktop\new.png

## संदेश



प्रिय साथियों

नमस्कार!

गुरुकुल की परीक्षाएं ख़त्म हो चुकी थीं ! सभी छात्र आश्रम में एकत्रित होकर चर्चा कर रहे थे कि अब छुट्टी के बाद वे सभी घर पहुंचकर क्या-क्या करने वाले हैं । तभी अचानक से गुरूजी ने आश्रम के बाहर से आवाज़ दी और कहा कि सभी छात्र बाहर मैदान में एकत्रित हो जाएँ । सभी छात्र मन ही मन ये सोच रहे थे कि घर जाने से पहले, गुरूजी उन्हें कोई ख़ास तौफ़ा दे सकते हैं… सभी छात्र मैदान में इकठ्ठा हो गये ।गुरूजी ने कहा- मेरे सभी प्रिय शिष्यों, घर जाने से पहले आप सभी एक दौड़ में हिस्सा लें । उन्होंने एक शर्त रखते हुए कहा- आप सबको दौड़ में एक अंधेरी सुरंग को भी पार करना है और दौड़ में जो भी चुनौतियाँ आएँगी आप उन सबका सामना करेंगे.. ।

हम सब पूरी तरह से तैयार हैं गुरूजी ! – सभी शिष्यों ने एक ही स्वर में कहा..

अगले ही सुबह दौड़ शुरू हुई और सारे शिष्यों ने बहुत स्फूर्ति के साथ दौड़ लगाई । जब वे अंधेरी सुरंग में पहुंचें तब सभी के पाँव में कुछ चुभने का आभास प्रतीत हुआ । जगह-जगह पर कुछ नुकीले पत्थर थे, जिनकी वजह से पैरों को बहुत चोट आई और वे सभी दर्द से कराह रहे थे । जैसे-तैसे दौड़ पूरी हुई ।दौड़ पूरी करके छात्र आश्रम में एकत्रित हुए तब गुरूजी ने सभी छात्रों से पुछा- “आप सब छात्रों में कुछ ने दौड़ बहुत जल्दी पूरी कर ली और कुछ छात्रों को ज्यादा समय लगा! ऐसा क्यों?”एक शिष्य ने इसका जवाब देते हुए कहा- गुरूजी, हम सभी छात्रों ने एकसाथ दौड़ना शुरू किया लेकिन अंधेरी सुरंग पहुँचते ही हम सबकी स्थिति बिलकुल ही बदल गयी । कुछ मित्रों के पैर में नुकीले पत्थर चुभने के कारण वे संभलकर आगे बढ़ रहे थे तो कुछ मित्र पत्थरों को उठाकर अपने हाथ और जेब में पकड़ते जा रहे थे ताकि पीछे आ रहे दुसरे मित्रों को दर्द ने सहना पड़े ।गुरूजी ने कहा- जिन शिष्यों ने पत्थर उठाये हैं, वे सभी आगे आकर मुझे वो पत्थर दिखाएँ! जिन छात्रों ने पत्थर उठाये थे वे सभी आगे आकर वो नुकीले पत्थर दिखाने लगे । गुरूजी ने उनमे से एक पत्थर अपने हाथ में लिया और कहा- शिष्यों जिन्हें तुम सभी एक सामान्य-सा पत्थर समझ रहे हो ये असल में बहुमूल्य हीरे हैं और मैंने ही इन्हें सुरंग में डाला था ।यह दौड़ हमारे जीवन की प्रतिस्पर्धा को दर्शा रही है । जहाँ हर एक व्यक्ति एक-दुसरे से बस आगे निकलने के लिए ही दौड़ रहा है । लेकिन आखिर असली विजेता वही है जो इस दौड़ में दूसरों का भला करते हुए आगे बढ़ता है ।

ये हीरे उन सभी शिष्यों को मेरी तरफ से उपहार है जो किसी दुसरे की पीड़ा को महसूस करके इन पत्थरों को उस रास्ते से हटा रहे थे । दोस्तों जीवन में हमेशा एक बात याद रखिये, आप अपनी लाइफ के असली विजेता तभी होंगे जब आप परोपकार को महत्व देंगे.. परोपकार की भावना को समझेंगे और जब आप सिर्फ अपने बारे में ही नहीं, बल्कि सबके जीत के बारे में सोचेंगे

-सुनील उपाध्याय



**मासिक सभा (जुलाई - सितम्बर 2020)**:

प्रत्येक महीने के प्रारम्भ में एक बैठक आयोजित की जाती है जिसमे की प्लांट में हो रही गतिविधियों को सभी के साथ साझा कर सके| इस मीटिंग में प्रोडक्शन, सेफ्टी, कस्टमर कम्प्लेंट्स से सम्बंधित जानकारी सभी कर्मचारियों को दी जाती है | मीटिंग के अंत में मैन ऑफ़ द मंथ और कर्मचारियों द्वारा आये बेस्ट काइज़ेन को पुरुस्कृत किया जाता है |

**जुलाई :** माह के काइज़ेन विजेता है : नरेंद्र तिवारी (प्रथम), नन्दलाल साहू (द्वितीय), सचिन मिश्रा (तृतीया)


**मैन ऑफ़ द मंथ :** नरेंद्र तिवारी

**अगस्त** : माह के काइज़ेन विजेता है : दीनदयाल यादव (प्रथम), राम करन प्रजापति (द्वितीय), दिलीपराम (तृतीया)

**मैन ऑफ़ द मंथ :** राम करन प्रजापति

**सितम्बर** : माह के काइज़ेन विजेता है : जीतेन्द्र बिरला (प्रथम), पांडुरंग घुड़की (द्वितीय), मनीष यादव (तृतीया)

**मैन ऑफ़ द मंथ :** जीतेन्द्र धानुक



**गणपति स्थापना एवं विसर्जन :**

राजरतन परिवार में परंपरा अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणपति जी की स्थापना कारखाना परिसर में की गयी थी | पुरे दस दिन तक गणपति जी का पूजन अर्चन किआ गया | पर्यावरण का ध्यान रखते हुए मिट्टी के गणेश जी स्थापित किये गए थे तथा विसर्जन का कार्यक्रम भी कारखाने में ही संपन्न किया गया |



**कलर समानता पखवाड़ा :**

**पैरामीटर का रखेंगे ध्यान |**
**रहेगा कलर एक समान ||**

राजरतन में कलर समानता पखवाड़ा 24 अगस्त से 14 सितम्बर बनाया गया | इस गतिविधि को करने का उद्देश्य कोईल के रंग में आरही असामनता को सामान रूप में लाना था|

पखवाड़े के उट्घाटन समारोह में कर्मचारियों से उद्देश्य साझा किया गया था तथा एम् दी सर ने इस पखवाड़े के अंतर्गत कैसे सभी को मिलकर काम करना है उसके लिए प्रेरित किया था | पखवाड़े के अंतर्गत कई गतिविधियां हुई जिसमे प्लांट राउंड, स्लोगन प्रतियोगिता, विभागीय प्रश्नोत्तरी, काइज़ेन प्रतियोगिता, बेस्ट जोन जैसी चीज़े शामिल थी| राउंड में लीडरशिप टीम अन्य टीम मेंबर्स के साथ प्लांट में जाकर कर्मचारियों से परेशानी समझते थे और कथित उद्देश्य के लिए उनसे बेहतर सुझाव भी लेते थे|

स्लोगन प्रतियोगिता के विजेता : रविंद्र जाट

विभागीय प्रश्नोत्तरी के विजेता : भैरव सिंह चौहान, राजेश सिंह, माखन राठौर, मुकेश राठौर, राम कारन पटेल


काइज़ेन प्रतियोगिता के विजेता : राजेश बहरा, संजय तिवारी, रजनीश दिघे|

बेस्ट ज़ोन : कोटिंग










**विश्व फोटोग्राफी दिवस :**

विश्व फोटोग्राफी दिवस 19 अगस्त को मनाया जाता है | फोटो एक जरिया है यादें बनाने का और उन यादों को किसी के सामने दर्शाने का | इस उपलक्ष में राजरतन में एक प्रतियोगिता रखी गयी थी जिसमें कई लोगो ने भाग लिया | प्रतियोगिता का उद्देश्य बीतें पलों को फिर से ताज़ा करने तथा उन्हें  साझा करना था | कई सदस्यों ने फोटो साझा की और उससे जुडी उनकी याद भी हमें बताई |

प्रथम तीन लोगो को पुरुस्कृत भी किया गया, उनके नाम है आनंद सुभेदार, चंद्रशेखर रतनेरिया , संतोष कुमार वर्मा








# Thailand Articles

## 1.Surveillance audit IATF/ Quality systems -

It has been constant efforts to improve quality management system at Rajratan Thailand. As of a part of system, Surveillance audit was conducted by TUV on 7th and 8th July 2020. Audit was successfully completed and scope for improvement was identified. RTWL will go for recertification in next year.



## 2.Reward and recognition – Improvement projects

Reward and recognition program for appreciating employee has become the culture at Rajratan Thailand. This is done on monthly basis in monthly employee communication meeting. 13 projects were identified and the teams from Maintenance, production and QA were rewarded.



## 3.Annual audit by Customer – Sumitomo

Audit  was conducted for two days by team of 4 auditors  from Sumitomo . Detialed discussions happened on customer expections and system audit .RTWl scored 90 % in this audit

.



## 4.Training on Risk identification and safety

Risk identification and its mitigation in day to day work is necessary. The supervisors and operators were trained in the process of risk identification and how to mitigate it .

The teams in each section will work in detail under the guidance of section heads.




## 5. Employee engagement – celebration of birthday

Teams celebrates birthday of team members. Mr Pranay's birthday being celebrated by office staff.




## 6 Achievement by Marketing team

**Sales growth at existing customer** :Thailand business has achieved highest sales in e history in the month of Aug 2020. Total sales was 3028 MT.




संपादक मंडल संरक्षक श्री चंदनमल जी चोरडिया, प्रधान संपादक -पराग खानवलकर
सदस्य सलाहकार समिति -अंजलि गुप्ता
Member Editorial – Mr. Patiwat

यह पत्रिका राजरतन ग्लोबल वायर लिमिटेड पीथमपुर के सदस्य के आंतरिक वितरण हेतु है |